घर बनाने का झांसा देकर 45 लाख की ठगी, बिल्डर गिरफ्तार

- एसएम इन्फ्रा कंस्ट्रक्शन के प्रोप्राइटर को क्राइम ब्रांच ने दबोचा
- आरोपी ने 9 से ज्यादा लोगों से लाखों रुपए ऐंठे
- बीच में आधा-अधूरा काम छोड़कर हो गया फरार

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में आशियाना बनाने का सपना दिखाकर लाखों रुपए की ठगी करने वाले बिल्डर को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है. आरोपी ने 9 से अधिक लोगों से मकान बनाकर देने का अनुबंध कर करीब 45 लाख 81 हजार रुपए ऐंठ लिए और काम अधूरा छोड़कर फरार हो गया था.

डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि अंशुल जायसवाल सहित अन्य पीड़ितों ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एसएम इन्फ्रा कंस्ट्रक्शन के प्रोप्राइटर महावीर सिंह सिकरवार ने मकान निर्माण का ठेका लिया था. आरोपी ने 6 से 8 माह में काम पूरा करने का वादा किया, लेकिन दिसंबर 2025 में निर्माण कार्य अधूरा छोड़कर और साइट बंद कर फरार हो गया. जांच में सामने आया कि आरोपी ने अनुबंध की राशि के अलावा भी पीड़ितों से दबाव बनाकर लाखों रुपए वसूले. साथ ही जो निर्माण कार्य किया, वह भी तकनीकी रूप से त्रुटिपूर्ण और अमानक पाया गया.

मूल रूप से मुरैना का रहने वाला है आरोपी

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर क्राइम ब्रांच ने मामले में साक्ष्य जुटाकर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक न्यासभंग का केस दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया. आरोपी महावीर सिंह सिकरवार शिवालिका अपार्टमेंट, शिवधाम कॉलोनी इंदौर का निवासी है और मूल रूप से मुरैना का रहने वाला बताया जा रहा है. फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और उसके अन्य प्रोजेक्ट्स व संभावित पीड़ितों की जानकारी जुटाई जा रही है.

सीने में दर्द के बाद महिला की मौत

इंदौर. भंवरकुआं थाना क्षेत्र के जीत नगर में एक 35 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. अचानक सीने में दर्द और घबराहट के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. प्रारंभिक तौर पर साइलेंट हार्ट अटैक की आशंका जताई जा रही है. मृतका की पहचान ज्योति पति सुनील निवासी जीत नगर के रूप में हुई है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ज्योति को अचानक सीने में तेज दर्द और बेचैनी महसूस हुई. परिजन तत्काल उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी हालत गंभीर हो चुकी थी. डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. प्राथमिक जांच में मौत का कारण साइलेंट अटैक बताया जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा.

फोन पर मंगेतर से कहासुनी होने के बाद युवक ने लगाई फांसी

- एक महीने पूर्व हुई थी सगाई, इसी साल होने वाली थी शादी

इंदौर. आजाद नगर थाना क्षेत्र के मूसाखेड़ी में एक 20 वर्षीय युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. युवक की एक महीने पहले ही सगाई हुई थी और इसी साल शादी होने वाली थी. घटना के समय वह घर में अकेला था. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

मृतक का नाम प्रथम पिता किशोर निवासी मुसाखेड़ी बताया गया है, जो एक निजी कंपनी में काम करता था. घटना के समय उसके पिता और भाई एक शादी में शामिल होने शिवपुरी गए हुए थे, जबकि मां अपनी ड्यूटी पर गई हुई थीं. इसी दौरान प्रथम ने घर में फांसी लगा ली. परिजनों और आसपास के लोगों के अनुसार, प्रथम की सगाई करीब एक माह पहले ही हुई थी.

बताया जा रहा है कि घटना से एक दिन पहले उसकी मंगेतर उससे मिलने घर आई थी. दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद होने की आशंका जताई जा रही है, जिसके बाद मंगेतर वहां से चली गई. इसके बाद प्रथम ने यह कदम उठा लिया. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

18 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तस्कर धराया, 1.80 लाख की ड्रग्स जब्त

इंदौर. शहर में नशे के कारोबार पर लगाम कसने के अभियान के तहत द्वारकापुरी पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1.80 लाख रुपए कीमत की ब्राउन शुगर जब्त की है.

आरोपी क्षेत्र में सप्लाई करने की तैयारी में था, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा.

द्वारकापुरी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सूर्यदेव नगर स्थित एक खाली मैदान में एक युवक मादक पदार्थ के साथ संदिग्ध अवस्था में खड़ा है. सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी की. पुलिस को देखते ही युवक भागने लगा, लेकिन टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे कुछ ही दूरी पर पकड़ लिया. पकड़े गए आरोपी की पहचान रोहन पिता राजू राठौर निवासी चांदमारी ईंट का भट्टा के रूप में हुई है. तलाशी लेने पर उसके पास से 18 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई. अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 1 लाख 80 हजार रुपए आंकी गई है.

पुलिस आरोपी से कर रही पूछताछ

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है. प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी से नशे की सप्लाई चेन के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है. पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि ब्राउन शुगर कहां से लाई गई थी और शहर में किन लोगों तक पहुंचाई जानी थी. मामले में आगे और खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है.

समर कैंप में नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़, वॉर्डन गिरफ्तार

- 13 वर्षीय छात्रा की शिकायत पर पॉक्सो एक्ट में केस

इंदौर. समर कैंप के दौरान एक 13 वर्षीय छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है. शिकायत के बाद राजेंद्र नगर पुलिस ने बॉयज हॉस्टल के वॉर्डन विनोद शर्मा को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है.

पुलिस के अनुसार, रतलाम से अपनी छोटी बहन के साथ समर कैंप में शामिल होने आई छात्रा ने वॉर्डन पर आपत्तिजनक हरकत करने का आरोप लगाया है. 13 मई की शाम पानी खत्म होने पर छात्रा बोतल लेकर बॉयज हॉस्टल गई थी, जहां वॉर्डन ने उसके साथ छेड़छाड़ की. घटना के बाद छात्रा ने अपनी मां को मोबाइल पर जानकारी दी. सूचना मिलते ही परिजन, परिचित और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता कैंपस पहुंचे, जिससे देर रात हंगामे की स्थिति बन गई. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में छात्रा व स्टॉफ से पूछताछ की गई. पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी फरार हो गया था, जिसे शुक्रवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया. मामले में राजेंद्र नगर थाना प्रभारी यशवंत बड़ोले ने बताया कि 3 मई से संचालित इस समर कैंप में 18 छात्राएं और 36 छात्र शामिल थे, जिनके लिए अलग-अलग हॉस्टल की व्यवस्था की गई थी. पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है. साथ ही समर कैंप और स्कूल प्रबंधन से जानकारी ली जा रही है तथा अन्य छात्राओं के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं.

फ्रिज में धमाके से फ्लैट में लगी आग

इंदौर. बिचौली मर्दाना क्षेत्र में एक बहुमंजिला इमारत के छठे माले पर स्थित फ्लैट में फ्रिज में हुए धमाके के बाद आग लग गई. घटना के बाद मल्टी में अफरा तफरी मच गई, हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिया और कोई जनहानि नहीं हुई. जानकारी के अनुसार, आग नोबल अस्पताल में कार्यरत नर्स बिंदु के फ्लैट में लगी. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि फ्रिज में हुए तेज धमाके के बाद आग भड़की, जिसने देखते ही देखते पूरे फ्लैट को अपनी चपेट में ले लिया. धुआं और लपटें उठते देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया. सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन फ्लैट में रखा घरेलू सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया. दमकल विभाग अब आग लगने के कारणों की जांच कर रहा है. शुरुआती तौर पर शॉर्ट सर्किट या गैस रिसाव जैसे पहलुओं को भी ध्यान में रखकर जांच की जा रही है.

एक नजर में

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला जलाया, मांगा इस्तीफा

महू. नीट परीक्षा का पेपर लीक होने एवं परीक्षा निरस्त होने के विरोध में कांग्रेस नेताओं और कांग्रेस के अनुसांगिक संगठनों ने मार्केट चौक में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया. इस अवसर पर प्रमुख रूप से कार्यक्रम संयोजक दिनेश पंचोली एडवोकेट, पूर्व सांसद प्रतिनिधि एवं गजेंद्र सिंह राठौर जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष विष्णु मालवी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सचिन गुप्ता, साकिर खान अध्यक्ष महू विधानसभा कांग्रेस सेवादल, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष ओम पटेल, अजय धनावत, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव मुस्तकीम कुरैशी, प्रदीप दुबे, इरशाद कुरैशी, शुभम जैन, दीपक अग्रवाल, जगमोहन सोन, गोना वर्मा, इरशाद खान, पिंटू डीडवानिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे. इस अवसर पर विष्णु मालवीय ने कहा कि मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है. अजय ढाणावत ने कहा कि यह सरकार शिक्षा माफिया, राशन माफिया, महंगाई माफिया, गैस माफिया, पेट्रोल माफिया की सरकार है. इस अवसर पर दिनेश पंचोली, गजेंद्र सिंह राठौड, प्रदीप दुबे ने भी संबोधित किया. आभार सचिन गुप्ता ने माना.

सखी ग्रुप के ग्रीष्मकालीन शिविर में 100 बच्चों ने लिया भाग

महू. अटल उद्यान सखी ग्रुप की ओर से अटल उद्यान धन्वंतरी नगर में ग्रीष्मकालीन शिविर उड़ान का आयोजन किया, जिसमें लगभग 100 बच्चों ने सहभागिता की. शिविर में क्राफ्ट विधा का जागृति उपाध्याय और वैदिक गणित का स्वाति गुप्ता ने प्रशिक्षण दिया. पार्थ मुले द्वारा बच्चों को डांस सिखाया गया. करण गोस्वामी ने कराटे द्वारा बच्चों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए. विदुषी शोभा प्रजापति ने योग तथा संस्कृत श्लोक पठन का प्रशिक्षण दिया. सभी प्रशिक्षकों का सखी ग्रुप की मानसी नाडकर, सारिका पत्की, सुषमा काज्वाडकर, स्नेहल ओतुरकर, रिचा अग्रवाल, विनिता सुतार, अश्विनी मैराल, कीर्ती चौधरी ने आभार व्यक्त किया.

कांता सोडानी अध्यक्ष, करुणा लोहारिया सचिव बनीं

महू. अभा महिला संघ की महू ब्रांच के चुनाव संपन्न हुए. चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी शकुंतला विजयवर्गीय एवं एडवोकेट गीता लखवानी के सानिध्य में आयोजित की गई, जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया. चुनाव में सर्वसम्मति से कान्ता सोडानी को अध्यक्ष, करुणा लोहारिया को सचिव एवं अंशु गुप्ता को कोषाध्यक्ष चुना गया. इसके अलावा निर्मला यादव को उपाध्यक्ष, शिला बंसल को संरक्षक तथा गीता लखवानी को कानूनी सलाहकार की जिम्मेदारी सौंपी गई. इस अवसर पर संगठन की 11 महिलाओं की नई कार्यकारिणी भी गठित की गई. कार्यक्रम में यह भी जानकारी दी गई कि एआईडब्ल्यूसी दिल्ली हेड ऑफिस द्वारा शकुंतला विजयवर्गीय को मप्र की अखिल भारतीय महिला संघ की विभिन्न ब्रांचों का प्रभारी नियुक्त किया गया है.

लापरवाही से कार चलाने से रोका तो कर दी पिटाई

इंदौर. उज्जैन रोड पर लापरवाही से कार चलाने का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया. दो अज्ञात कार सवारों ने बीच सड़क उसकी गाड़ी रुकवाकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.

घटना धरमपुरी स्थित साई विहार कॉलोनी के सामने की है. फरियादी राहुल अग्रवाल अपनी कार से उज्जैन रोड से गुजर रहे थे. इसी दौरान एक अन्य कार में सवार दो युवक लापरवाही से गाड़ी लहराते हुए चल रहे थे, जिससे हादसे की आशंका बन रही थी. राहुल ने उन्हें सावधानी से वाहन चलाने के लिए टोका, तो दोनों आरोपी भड़क गए. उन्होंने राहुल की कार के सामने अपनी गाड़ी अड़ाकर उसे जबरन रोका और नीचे उतरकर गाली गलौज करते हुए झूमाझटकी शुरू कर दी.

देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने राहुल के साथ मारपीट कर दी. आसपास लोग इकट्ठा होते, उससे पहले ही दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए. सांवेर पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है. पुलिस हुलिए के आधार पर आरोपियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के प्रयास कर रही है.

सराफा में देर रात चोरी करने पहुंचे बदमाश, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

- रहवासियों ने शोर मचाया तो खड़ी हुई गाड़ियां गिराकर भाग गए
- आरोपियों से चाय दुकान से चुराए बर्तन बरामद

इंदौर. सराफा क्षेत्र की धान गली में पिछले दिनों देर रात उत्पात मचाने वाले बदमाशों को पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पकड़ लिया. पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है, जबकि एक अन्य आरोपी अभी फरार है.

सीसीटीवी से पहचान कर पुलिस ने दो बदमाशों को पकड़ा, एक फरार

घटना सोमवार देर रात की है, जब तीन बदमाश सराफा बाजार स्थित धान गली में पहुंचे और एक चाय की दुकान को निशाना बनाया. बदमाश दुकान से गैस भट्टी, बर्तन सहित अन्य सामान चुरा लिया. इसके बाद उन्होंने आसपास की अन्य दुकानों के ताले तोड़ने की भी कोशिश की. आहट मिलने पर इलाके के कुछ लोग जाग गए और शोर मचाया, जिससे घबराकर बदमाश भागने लगे. इस दौरान उन्होंने गली में खड़े कई दोपहिया वाहनों को गिराकर नुकसान पहुंचाया. घटना की पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और स्थानीय लोगों के मोबाइल में कैद हो गई. सूचना मिलने पर सराफा पुलिस मौके पर पहुंची और फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की. इसके बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में दोनों ने चोरी की वारदात कबूल की है और उनके पास से बर्तन व अन्य सामान बरामद किया है. पुलिस अब फरार तीसरे आरोपी की तलाश में जुटी है और उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है.

एक नजर में

नर्मदा लाइन से कम प्रेशर से पानी आने और बोरिंग सूखने से स्थिति गंभीर, निजी टैंकर दोगुने रेट पर बेच रहे पानी

गर्मी के चलते शहर के कई हिस्सों में पानी के लिए हाहाकार

इंदौर. भीषण गर्मी के इस मौसम में शहर के वाशिंदे गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं. कई क्षेत्रों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है. हालांकि नगर निगम द्वारा शहर के अधिकांश क्षेत्रों में नर्मदा लाइन के बावजूद कम प्रेशर व बोरिंग सूखने से स्थिति गंभीर हो गई है. नगर निगम टैंकरों से आपूर्ति नहीं कर पा रही है. परिणामस्वरूप निजी टैंकर वाले दोगुनी दर पर पानी बेच रहे हैं. इससे निवासियों में भारी नाराजगी है.

शहर का भूजल स्तर तेजी से गिरने के कारण निजी व सार्वजनिक बोरवेल सूख चुके हैं. शहर की निर्भरता नर्मदा जल पर बढ़ी है, लेकिन कई क्षेत्रों में पाइपलाइन में पानी का प्रेशर बहुत कम है. नगर निगम ने 600-650 से अधिक टैंकरों से आपूर्ति का दावा किया है, लेकिन यह नाकाफी है. निगम ने 30 जून तक निर्माण कार्यों व सर्विस सेंटर पर पीने योग्य पानी और बोरिंग के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है. कुछ क्षेत्रों में पानी की कमी के साथ दूषित आपूर्ति की भी शिकायतें मिल रही हैं.

जल आपूर्ति को लेकर मूसाखेड़ी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 52 स्थित चिराड़ मोहल्ला में भी लोग पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं. क्षेत्र में नर्मदा पाइपलाइन बिछाए जाने के बावजूद पर्याप्त जलापूर्ति नहीं हो रही है. रहवासियों के अनुसार कुछ वर्ष पहले क्षेत्र में बड़ी पाइपलाइन डाली गई, जबकि कुछ गलियों में केवल 4 इंच की लाइन ही बिछाई गई. जिन क्षेत्रों में छोटी लाइन डाली गई है, वहां मात्र 15 मिनट ही पानी की सप्लाई हो रही है. इतना ही नहीं, इन 15 मिनट में अधिकांश समय गंदा पानी नलों से घरों तक पहुंच रहा है. तंग गलियों के कारण पानी के टैंकर भी नहीं पहुंच पाते, जिससे क्षेत्रवासियों की परेशानी और बढ़ गई है. स्थिति यह है कि लोगों को अपनी जरूरत का पानी जुटाने के लिए बर्तन लेकर उन गलियों में जाना पड़ता है, जहां अपेक्षाकृत बेहतर सप्लाई होती है. रहवासियों द्वारा इस समस्या की शिकायत कई बार जोन कार्यालय और स्थानीय पार्षद से की, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला.

यह बोले रहवासी...

पिछले कई महीनों से नलों से बहुत कम पानी आ रहा था, अब इस भीषण गर्मी में और मुसीबत बढ़ गई. पिछले चार दिनों से बिल्कुल भी पानी नहीं आ रहा है, कैसे गुजारा करें.
– शीतल नागा

निगम कर्मचारी कभी-कभी वॉल अच्छा खोल देता है तो गुजारे लायक पानी मिल जाता है, लेकिन अक्सर वॉल कम खुलता है, उस दिन हमें पानी नहीं मिल पाता, के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है.
– गीता बाई

मुख्य मार्ग तक पानी आता है, अंदर गलियों में प्रेशर डाउन रहता है. मात्र पंद्रह मिनट पानी आता है वह भी शुरूआत में दूषित और बदबूदार पानी आता है, जो किसी काम का नहीं होता. क्षेत्र में पानी की किल्लत से परेशानी बढ़ गई है.
– मुकेश वर्मा

एक वार्ड नहीं, पूरे शहर में पानी की किल्लत है
बात एक वार्ड की नहीं है, पूरे शहर में पानी की किल्लत को लेकर हाहाकार मचा हुआ है. इस समस्या के निराकरण को लेकर निगम कमिश्नर से आज ही मेरी बात हुई थी, उन्होंने स्वीकार किया कि पानी की टंकियां पूरी तरह से नहीं भर रही हैं.
– सावित्री चौधरी, पार्षद

शादी में जाने की बात पर पारिवारिक विवाद में खूनी संघर्ष, 9 घायल

- मामा पक्ष के लोगों ने घर में घुसकर किया जानलेवा हमला

इंदौर. बेटमा थाना क्षेत्र के ग्राम रावद में शादी में जाने की बात को लेकर परिवार में हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. इसमें मामा पक्ष के लोगों ने भानजे के घर में घुसकर तलवार, लाठी और गुलेल से हमला कर दिया, जिसमें महिलाओं समेत 9 लोग घायल हो गए. घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है.

घटना देर रात करीब 9 बजे की है. फरियादी सुधीर सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके मामा इकबाल उसकी मां को शादी में बुलाने आए थे. मां के मना करने के बावजूद वे उन्हें जबरदस्ती साथ ले गए. कुछ देर बाद मां के वापस घर पहुंचते ही पीछे-पीछे आरोपियों का समूह भी वहां आ धमका. आरोपी सिंकदर, जगराम, महेंद्र, गुरुसिंह, बेजू सोलंकी, रानू और भय्यू तलवार, फालिया, लाठी-डंडे और लोहे के चकरे से लैस होकर पहुंचे और गालियां देते हुए हमला कर दिया. हमले में सुधीर के भाई सुनेर पर तलवार से कई वार किए गए, जिससे उसके सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं. बीच-बचाव करने पहुंचे परिवार के अन्य सदस्य भी हमले का शिकार हो गए.

गुलेल से कांच की अंटियां चलाकर महिलाओं को बनाया निशाना:

शोर सुनकर पड़ोसी आरिफ मदद के लिए आया तो आरोपियों ने उस पर भी हमला कर दिया. वहीं गुलेल से कांच की अंटियां चलाकर महिलाओं को निशाना बनाया गया, जिससे सुजाता, सुमित्रा, अभिलाषा और दिन्या घायल हो गईं. हमलावरों ने घर में तोड़फोड़ करते हुए खिड़कियों के कांच फोड़ दिए और बाहर खड़ी कार पर भी पथराव किया. हमले में कुल 9 लोग घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है. बेटमा पुलिस ने मामले में विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

रास्ते के विवाद में 20 लाख की मांग

इंदौरी. खुड़ैल थाना क्षेत्र में जमीन के रास्ते को लेकर विवाद ने अड़ीबाजी का रूप ले लिया. आरोपियों ने फरियादी से 20 लाख रुपए की मांग करते हुए बाउंड्री वॉल के खंभे तोड़ दिए और जान से मारने की धमकी दी. पुलिस ने दो महिलाएं सहित चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. फरियादी अमन जैन निवासी केसरबाग रोड की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है. अमन के मुताबिक, जामनिया खुर्द स्थित उनकी जमीन के रास्ते को लेकर आरोपी सोनू उर्फ सुनील, उसकी पत्नी नेहा, सास शोभा और प्रद्युमन ने उन्हें रोककर विवाद शुरू कर दिया. आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए दबाव बनाने की कोशिश की और विवाद के दौरान 20 लाख रुपए की मांग रख दी. बात यहीं नहीं रुकी, आरोपियों ने फरियादी की जमीन पर बनी बाउंड्री वॉल को निशाना बनाते हुए वहां लगे करीब 50 खंभे तोड़ दिए, जिससे उसे आर्थिक नुकसान हुआ. घटना के दौरान आरोपियों ने खुलेआम जान से मारने की धमकी भी दी. मामले की शिकायत मिलने के बाद खुड़ैल पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.